

## एक नजर में

### लायंस चिकित्सालय शिविर आज और कल

**गुना।** लायंस क्लब गुना सिटी पारमार्थिक न्यास द्वारा संचालित लायंस नेत्र चिकित्सालय व जिला अंधत्व निवारण समिति के सहयोग से लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में निन्शुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। जिसमें मरीजों को खाना, चाय, नास्ता, दवाई चश्में, लैंस से लेकर ऑपरेशन तक निन्शुल्क किए जाते हैं। इसी संदर्भ में 27 जुलाई को सिरोंज, भौरिया एवं 28 जुलाई सोमवार को खेरीखता, मारकी महू में नि: शुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मरीजों को ऑपरेशन के लिये अस्पताल वाहन द्वारा लायंस नेत्र चिकित्सालय लाया जाएगा व ऑपरेशन के उपरांत कैंप स्थल पर पहुचांए जाएंगे।

### अब तक 766.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**गुना।** जिले में 01 जून से अब तक 766.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 72.8 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 413.6 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिमी है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 26 जुलाई प्रात: 8 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 1068.5 मिमी, बमौरी में 895.0, आरोन में 647.0, राघौगढ में 652.0, चांचौडा में 617.0, कुम्भराज में 709.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 777.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 56.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 46.4 मिमी., बमोरी में 40.0 मिमी., आरोन में 57.0 मिमी., राघौगढ में 24.0 मिमी., चांचौढा में 77.0 मिमी., कुंभराज में 90.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 61.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

# अस्पताल में वेतन न मिलने पर हड़ताल पर सफाईकर्मी

## वार्ड बॉय और कंप्यूटर ऑपरेटर, सिविल सर्जन के आश्वासन के बाद समाप्त की हड़ताल

नवभारत न्यूज

**गुना 26 जुलाई का। जिला अस्पताल गुना में लंबे समय से वेतन नहीं मिलने से नाराज़ 56 सफाईकर्मी, 15 वार्ड बॉय और तीन कंप्यूटर ऑपरेटर शनिवार को काम छोडकर हड़ताल पर बैठ गए। इन कर्मचारियों को पिछले आठ माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय हो गई है।**





इस मुद्दे को लेकर शनिवार को कर्मचारियों और सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र सिंह रघुवंशी के बीच बैठक हुई, जिसमें सिविल सर्जन ने आश्वासन दिया कि सोमवार तक सभी कर्मचारियों को लंबित वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर दी और पुन: काम पर लौट आए। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों में गहरी नाराजगी दिखाई दी। सफाईकर्मियों का कहना था कि आठ महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण उन्हें अपने घर चलाने में बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कई कर्मचारी कर्ज में डूब गए हैं, बच्चों की पढ़ाई और घरेलू खर्च भी प्रभावित हो रहे हैं। वार्ड बॉय और कंप्यूटर ऑपरेटरों ने भी यही बात दोहराते हुए कहा कि उनका धैर्य अब जवाब दे चुका है। वेतन न मिलने के कारण उनका मानसिक तनाव भी बढ़ गया है। कृष्णा सिक्योरिटी के सुपरवाइजर के अनुसार 56 सफाई कर्मचारियों को हर महीने लगभग 8.5 लाख रुपये वेतन मिलना है, यानी आठ माह का कुल बकाया 68 लाख रुपये है।

इसी तरह 15 वार्ड बॉय को प्रति माह 1,24,000 रुपये के हिसाब से कुल 9 लाख 52 हजार रुपये का भुगतान बाकी है। वहीं तीन कंप्यूटर ऑपरेटरों का प्रतिमाह वेतन 54,000 रुपये है, जिसके अनुसार आठ माह का बकाया करीब 4 लाख 32 हजार रुपये बनता है। कुल मिलाकर तीनों वर्गों का लगभग 82 लाख रुपये से अधिक का भुगतान बकाया है। हड़ताल के कारण शनिवार को अस्पताल की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई थी। मरीजों और उनके परिजनों को गंदगी का सामना करना पड़ा। अस्पताल परिसर में कचरा जमा हो गया था और कई वार्डों में स्वच्छता का अभाव साफ नजर आया। हालांकि सिविल सर्जन और अधिकारियों की समझाइश के बाद दोपहर में ही कर्मचारी काम पर लौट आए, जिससे हालात धीरे-धीरे सामान्य होने लगे। सफाईकर्मियों और अन्य कर्मचारियों ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि यदि सोमवार तक उनके वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो वे फिर से हड़ताल पर चले जाएंगे और इस बार अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। कर्मचारियों का कहना है कि सिर्फ आश्वासन से अब काम नहीं चलेगा, उन्हें ठोस कार्रवाई चाहिए। सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि वेतन भुगतान की प्रक्रिया तेजी से की जा रही है और सोमवार तक हर हाल में सभी कर्मचारियों को उनका लंबित वेतन मिल जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों से संयम बरतने और मरीजों की सेवा में लगे रहने की अपील की।


### राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होंगे कल्याण सिंह

**गुना।** ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन (सीटू) का राष्ट्रीय सम्मेलन 29 से 31 जुलाई तक केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में आयोजित होने जा रहा है। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में देशभर से ट्रांसपोर्ट यूनियनों के 270 चुने हुए प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में केंद्र व राज्य सरकार की परिवहन नीतियों, ट्रांसपोर्ट कर्मियों की समस्याओं, सामाजिक सुरक्षा की स्थिति तथा नई मोटर व्हीकल एक्ट के दायरे में बढ़े जुर्मानों एवं करों जैसे गंभीर मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी। मध्यप्रदेश से सीटू की ऑटो चालक एकता यूनियन के जिला महासचिव, राज्य समिति सदस्य और फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य कल्याण सिंह लोधी इस सम्मेलन में प्रतिनिधि के रूप में शामिल होंगे। वह 26 जुलाई को केरला एक्सप्रेस से तिरुवनंतपुरम के लिए रवाना होंगे।

# बूढ़े बालाजी से टेकरी तक सड़क चौड़ीकरण, नाला निर्माण की मांग

नवभारत न्यूज

**गुना। पूर्व विधायक एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सलूजा ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर गुना शहर के ऐतिहासिक धार्मिक मार्ग बूढ़े बालाजी मंदिर से लेकर हनुमान टेकरी मंदिर तक की सडक के चौड़ीकरण और नाला निर्माण की मांग की है।**



**पूर्व नपाध्यक्ष राजेन्द्र सलूजा ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र**

उन्होंने कहा है कि यह मार्ग लाखों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है, ऐसे में यहां सुविधाएं विकसित होना अत्यंत आवश्यक है। राजेन्द्र सिंह सलूजा ने पत्र में बताया कि छह माह पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा 3.85 करोड़ रुपये की लागत से हनुमान टेकरी रोड निर्माण की स्वीकृति दी गई थी, जिसकी टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की पहल से कार्य जल्द प्रारंभ होने जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने आग्रह किया है कि दोनों ओर 15-15 फीट सडक के चौड़ीकरण तथा बीच में पुलिया निर्माण और नाले की व्यवस्था हेतु लगभग 2.50 करोड़ रुपये की अतिरिक्त स्वीकृति प्रदान की जाए। उन्होंने बताया कि यह मार्ग धार्मिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। हनुमान टेकरी मंदिर महाभारत कालीन स्थल माना जाता है और यहां हर दिन हजारों श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंचते हैं। वर्तमान में इस मार्ग की चौड़ाई सीमित है जिससे आवागमन में बाधा आती है, साथ ही बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या भी गंभीर हो जाती है। यदि बीच में नाला बनता है और सडक का चौड़ीकरण होता है तो श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। राजेन्द्र सिंह सलूजा ने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में बाइट टॉपिंग योजना के अंतर्गत स्वीकृत राशि के लिए गुना की जनता मुख्यमंत्री की आभारी है। उन्होंने अपील की कि अब 2.50 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि सडक चौड़ीकरण व नाला निर्माण हेतु स्वीकृत कर संबंधित विभाग से इस पर एस्टिमेट तैयार करवा कर कार्य प्रारंभ करवाया जाए।

## कांग्रेस अध्यक्ष ने दिव्यांग बहनों के चरण धोकर लिया आशीर्वाद, साथ देने का वादा



**गुना।** दिव्यांग स्वाभिमान संगठन द्वारा किए जा रहे साप्ताहिक आंदोलन के सिलसिले में शनिवार को दिव्यांगजन कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ से समर्थन मांगने पहुंचे। राजीव गांधी कांग्रेस भवन में जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह ने दिव्यांगजनों से मुलाकात की, दिव्यांग बहनों का कन्या पूजन किया, दिव्यांगजनों को भोजन कराया और आश्वासन दिया कि पूरी कांग्रेस पार्टी संघर्षशील दिव्यांगजनों के साथ है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान दिव्यांगजन और कांग्रेस नेताओं ने कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। इसी के साथ एक दिन पहले राजस्थान के झालावाड़ जिले में हुए दुखद हादसे में जान गंवाने वाले मासूम बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा हादसे में घायल बच्चो के शीघ्र स्वास्थलाभ की कामना की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, वरिष्ठ नेता नूरुलहसन नूर, पंकज कनेरिया, राजू कोरी, छोटू शिमला ने दिव्यांग कन्याओं का कन्या पूजन कर उनके चरण धोकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ ने दिव्यांग संगठन की 16 सूत्रीय मांगों को जायज मानते हुए आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर दबाव बनाएगी।

**शहीदों, मासूम बच्चों को नमन, दिव्यांगजन को समर्थन**

दिव्यांगजनों के हक की लड़ाई में उन्होंने कहा कि जिस तरह कारगिल में हमारे वीर जवानों ने दुश्मनों की सेना को हमारी घाटी से खदेडकर विजय प्राप्त की थी, उसी तरह दिव्यांगजन भी अपने आंदोलन में विजय प्राप्त करें, इसके लिए कांग्रेस पूरी सहयोग करेगी और हर संभव योगदान देगी। इस अवसर पर निम्न कांग्रेस जन उपस्थित थे मेहरबान सिंह धाकड़ जिलाध्यक्ष, नूरुल हसन नूर, ओमप्रकाश शर्मा,आलोक नायक, पंकज कनेरिया, छोटू शिमला,भगवान सिंह अहिरवार, रणवीर सिंह कुशवाह,धर्मेन्द्र धाकड़, तरुण सेन, राजू कोरी, अनुज रघुवंशी, संजय जाटव, लखन गिरी महाराज, विराट बिछोपिया आदि मौजूद थे।

## पेड़ लगाना यज्ञ करने के समान : अमिताभ श्रीवास्तव



नवभारत न्यूज

**गुना।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेशभर में संचालित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम भदौरा में नवांकुर सखी योजना के तहत पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य थीम पेड़ लगाकर धरती मां के प्रति कर्तव्य निभाना। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि पेड़ लगाना वास्तव में यज्ञ करने के समान है। जैसे यज्ञ से वातावरण की शुद्धि होती है, वैसे ही वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलित होता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम पांच पौधे अवश्य लगाकर उनका संरक्षण करना चाहिए। इससे न केवल हमें पुण्य की प्राप्ति होती है, बल्कि धरती मां के ऋण से मुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

कार्यक्रम के दौरान गांव में हरियाली यात्रा निकाली गई तथा 250 पौधों का वितरण किया गया। इस पहल में ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। जिला समन्वयक ने नवांकुर सखी योजना की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि यह योजना ग्राम स्तर पर महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण सुरक्षा को एक साथ जोड़ती है। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक अमित गोयल ने किया। इस आयोजन में ग्राम सरपंच, सचिव, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि हेमराज बैरागी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के राजकुमार बैरागी, नवांकुर सखी समूह की सदस्याएं एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## कुंभराज में कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**कुंभराज।** महाविद्यालय कुंभराज में एक पेड़ मां के नाम एवं कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की योजना मेरा युवा के अंतर्गत जिला युवा अधिकारी आकांक्षा महावेरिया के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में केवट युवा मंडल और राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) की सहभागिता रही। कार्यक्रम संयोजक संदीप मेहरा ने वृक्षारोपण की आवश्यकता और वृक्ष संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रशासनिक अधिकारी रवि यादव ने फलदार वृक्षों के रोपण को न सिर्फ पर्यावरण बल्कि स्वरोजगार की दृष्टि से भी उपयोगी बताया। मुकेश सेन ने निरंतर वनों की कटाई से उत्पन्न होने वाले पर्यावरणीय संकटों पर विस्तार से जानकारी दी, वहीं श्रीमती बबली वर्मा ने विशेष अवसरों पर वृक्षारोपण करने एवं वृक्षों को उपहार स्वरूप देने की प्रेरणा दी। डॉ. मुक्ता यादव ने कारगिल के शहीदों के बलिदान और उनके जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक बातें साझा कीं। डॉ. संजीव कुमार निमोरिया ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनने और नियमित वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नरेंद्र कुमार पांडे ने किया।

## मेंटेनेंस के चलते रविवार को शहर के इन क्षेत्रों में रहेगी बिजली गुल

**गुना।** मेंटीनेंस के चलते रविवार को शहर के विभिनन हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। प्रबंधक (कैंट जोन) विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 33/11 केव्ही कैंपस सबस्टेशन से निकलने वाले 11 केव्ही कोर्ट फीडर की विद्युत सप्लाई मेंटीनेंस होने के कारण 27 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक कलेक्ट्रेट, कोर्ट, पावर हाउस एवं फीडर पर विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। इसी प्रकार 11 केव्ही नई सडक फीडर, हाट रोड बूढ़े बालाजी एवं नजूल फीडर पर मेंटीनेंस कार्य के चलते 27 जुलाई को प्रात-10 बजे से दोपहर 12 बजे तक नई सडक, सदर बाजार, हनुमान गली, धोबी मोहल्ला, व्यास की पुलिया, अनुराधा गली जाट मोहल्ला, हाट रोड, हनुमान चौराहा, पुरानी गल्ला मण्डी, राधा कालोनी, छाबड़ा कालोनी, लक्ष्मीगंज, सोनी कालोनी, दुबे कालोनी, बैजू चौराहा, जयस्तंभ चौराहा, चौधरन कालोनी, तलैया मोहल्ला, भार्गव कालोनी, मटकरी कालोनी तथा गुरूनानक कालोनी आदि क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा।

उक्त विद्युत कटौती समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढाया भी जा सकता है।

## जन्माष्टमी की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**गुना।** भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के आयोजन की तैयारियों को लेकर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा गुना द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक 27 जुलाई को दोपहर 1 बजे गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित होगी। बैठक हरिसिंह यादव तथा जिलाध्यक्ष कल्याण सिंह यादव के मार्गदर्शन में पर्व की रूपरेखा तैयार की जाएगी। जिला मीडिया प्रभारी विशवीर सिंह यादव ने बताया कि इस बैठक में गुना शहर सहित जिलेभर के सभी यादव समाज बंधुओं को आमंत्रित किया गया है। बैठक में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के भव्य आयोजन, शोभायात्रा की रूपरेखा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

## सेवा भारती आनंद धाम में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**गुना।** सेवा भारती आनंद धाम (वरिष्ठ जन सेवा केंद्र) में शनिवार को रोटरी क्लब गुना एवं इनरव्हील क्लब गुना के संयुक्त तत्वाधान में एक निन्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रातः 9 बजे से आरंभ हुआ, जिसमें वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिविर में ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रितेश कंसल एवं डॉ. दीपचंद ने सेवाएं दीं। उन्होंने अनेक वरिष्ठजनों की जांच कर परामर्श दिया। शिविर के दौरान आठ ऐसे रोगी चिन्हित किए गए, जिन्हें श्रवण यंत्र की आवश्यकता है। इन रोगियों को रोटरी क्लब गुना एवं इनरव्हील क्लब गुना द्वारा शीघ्र ही श्रवण यंत्र वितरित किए जाएंगे। शिविर में रोटरी क्लब गुना के अध्यक्ष बृजेश अग्रवाल, सचिव राजकुमार मंगल, श्रवण एवट, गोपाल सक्सेना, देवेंद्र रघुवंशी, सीपी रघुवंशी, एसके सक्सेना, विष्णु बंसल, जगमोहन बंसल, मनोज जैन (स्वराज), गिरिराज अग्रवाल एवं सुनील अग्रेश उपस्थित रहे। वहीं इनरव्हील क्लब से अध्यक्ष रेणु अग्रवाल के नेतृत्व में संगीता मंगल, कृष्णा रघुवंशी, पूर्णिमा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, कविता जैन एवं कीर्ति बिंदल ने सहभागिता निभाई। आयोजन के अंतर्गत रोटरी क्लब द्वारा आनंद धाम परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति संस्था की जागरूकता प्रकट हुई।

रैली | शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

# कारगिल विजय दिवस पर भाजपा युवा मोर्चा ने निकाली रैली

नवभारत न्यूज


**गुना।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह स्थानीय लाल परेड ग्राउंड स्थित अमर शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण से की गई। यह आयोजन युवा मोर्चा, गौरव फिजिकल अकैडमी और स्थानीय नागरिकों के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ।




इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों और पूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर सपूतों को नमन किया। इस दौरान देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले सैनिकों की स्मृति में मौन भी रखा गया। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा पदाधिकारियों ने पूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया और उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। कारगिल युद्ध के वीर शहीदों की स्मृति में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा शाम को मशाल जुलूस निकाला गया। यह जुलूस अमर जवान शहीद स्मारक से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौराहे पर जाकर संपन्न हुआ।

हाथों में जलती मशाल लिए युवाओं ने देशभक्ति के नारों के साथ शहर की सडकों पर मार्च किया, जिससे वातावरण पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंग गया। मशाल रैली और श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा के जिला संगठन प्रभारी गोपाल आचार्य, युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री शैलेंद्र सिंह रघुवंशी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धाकड़, पतंजलि योग समिति के प्रांत प्रमुख कृष्ण योगेंद्र रघुवंशी, भाजपा जिला मंत्री सुरेश रघुवंशी, पूर्व सैनिक बाबूलाल यादव, मंडल अध्यक्ष रामकुमार शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, मोर्चा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा मोर्चा और अन्य संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजकों ने सभी आमजनों से आग्रह किया कि देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति को जीवित रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रसेवा के भाव से प्रेरित रहना चाहिए।

## कस्तूरबा कॉलेज में कारगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम




**गुना।** शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के संयुक्त तत्वाधान में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं, शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और भारत माता की वंदना से हुई। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनीता जैन ने कारगिल युद्ध में सेना के पराक्रम को स्मरण करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस देश के लिए गौरव और प्रेरणा का दिन है। देश की सेना ने विषम परिस्थितियों में अदम्य साहस और बलिदान से विजय प्राप्त की, जिस पर समस्त देशवासियों को गर्व है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अग्निवीर योजना के माध्यम से देश सेवा में अपना योगदान दें। डॉ. प्रीति यादव ने कारगिल युद्ध के विविध प्रसंगों को साझा किया।

## कर्म ऐसा न्यायाधीश है जो कभी पक्षपात नहीं करता



**गुना।** जंगल में बलवान शक्तिशाली जंगल का राजा शेर छोटे और दुर्बल हिरण आदि जीवों को खाकर अपनी भूख शांत करता है। वैसे ही संसार में दुष्ट बलवान शक्तिशाली व्यक्ति पुण्य के फल से प्राप्त धन संपदा, पद को अहंकार में अपने से छोटों को दबाता है। उन्हें मानसिक पीड़ा देकर दुख पहुंचाता है। यहीं नहीं उन मूक पशु मुर्गा, मर्गी, बकरा, मछली आदि का मांस भक्षण करके हिंसा के महापाप को करता है। याद रखना आज का किया हुआ कर्म कल हमारा ही भागय बनता है। यदि हम हिंसा के कार्य करेंगे तो हमें उनका फल भोगना पड़ेगा। क्योंकि संसार में जन्म लेकर यदि कुछ जानने लायक है तो मात्र तीन लोक हैं और छोडने के लिए कुछ है तो राग, द्वेष और मोह है। जैसा शुभ, अशुभ हम करेंगे उसका फल हमें भोगना ही पड़ेगा। कर्म ऐसा न्यायाधीश है जो भी पक्षपात नहीं करता है। हम जैसा बीज बोएंगे वैसी ही फसल काटेंगे। उक्त धर्मोपदेश नगर में चातुर्मासरत मुनिश्री निर्भीक सागरजी महाराज ने चौधरी मोहल्ला स्थित महावीर भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनिश्री ने अनेक पशुगति के जीवों के दुखों का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि एक सर्पणी अनेक बच्चों को जन्म देती है उस प्रसव जन्म देने के बाद उसको तीव्र भूख की वेदना सताती है तो वह तुरंत अपने ही नवजात बच्चों को खाकर अपनी भूख शांत करती है। जन्म देने वाली मां ही उनको भोजन का ग्रास बना लेती है। अर्थात वह रक्षा करने वाली मां ही भक्षण कर उन्हें संसार में नहीं आने देती। गौशालाओं में गाय, बछड़े अपने जीवन का निर्वाह कर रहे हैं। उनको दिया गया दान से चारा-भूसा चिकित्सा आदि की जाती है। उसका पुण्य परिवार के दुख दरिद्रता को मिटाकर टीवी, कैंसर जैसे रोगों को मिटा देता है।